**31/08**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति षी चिनफिंग ने कहा है कि दोनो देश परस्पर विकास के भागीदार हैं, न कि एक-दूसरे के विरोधी और उनके मतभेद विवाद में नही बदलने चाहिए। श्री मोदी और श्री चिनफिंग ने चीन के तियानचिन में शघांई सहयोग संगठन की बैठक के क्रम में मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति बनाए रखना आपसी संबंधों के निरन्तर विकास के लिए जरूरी है। दोनो नेताओं ने पिछले वर्ष सीमा पर दोनो देशों के सैनिकों की वापसी पर संतोष व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने सीमा मुद्दे के निष्पक्ष, तर्कसंगत और परस्पर स्वीकार्य समाधान पर सहमति व्यक्त की ताकि समग्र द्विपक्षीय संबंध और दोनों देशों के दीर्घकालिक हित बने रहें। दोनो नेताओं ने इस महीने के शुरू में दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों को कार्यरूप देने पर सहमति व्यक्त की।

**0000000000000000000000000**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश को आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ना है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि त्योहारों के मौसम में देशवासियों को स्वदेशी को कभी नहीं भूलना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना, देश की एकता राष्ट्र के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और खेल इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने श्रीनगर की डल झील में आयोजित पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल का उल्लेख किया, जिसमें देश भर के 800 एथलीटों ने भाग लिया था।

**00000000000000000000**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने सोलुंग उत्सव के अवसर पर राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि सोलुंग आदि लोगों की जीवन शैली का सार है। यह त्योहार अनादि काल से भक्ति, उल्लास और गहरी कृतज्ञता के साथ मनाया जाता रहा है, उन्होंने कहा सोलुंग त्योहार के अवसर लोग देवताओं से भरपूर फसल, पालतू पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य, शांति, समृद्धि और सभी के कल्याण के लिए प्राथना करते है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि यह उत्सव हमारे राज्य की सांस्कृतिक जीवंतता और परंपराओं को सुदृढ़ करता रहेगा।

**000000000000000000**

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने राज्य की युवा आबादी को "राज्य की धड़कन" बताते हुए कहा है कि अरुणाचल गॉट टैलेंट जैसे कार्यक्रम युवाओं को "बड़े सपने देखने, खुद पर विश्वास करने और आधुनिक दुनिया के अवसरों को आत्मविश्वास के साथ अपनाने" के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। श्री खांडू ने कल ईटानगर में एजीटी सीज़न 7 के ग्रैंड फिनाले को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने न केवल प्रतिभाओं को निखारने, बल्कि युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और उद्‌यमिता के लिए तैयार करने के सरकार के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य सरकार ने युवा नीति 2025, खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना और मुख्यमंत्री मेधावी खिलाड़ी छात्रवृत्ति को मंजूरी देकर राज्य के युवाओ के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी की है।

**000000000000000000000**

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई स्थित डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में ज़िले के प्रमुख विकासात्मक मुद्दों की समीक्षा हेतु एक समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में ज़िले के पूर्व नेताओं के सम्मान में संस्थान के नाम और महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचों को अंतिम रूप देने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नोंगसया झील (बोरबील) की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण, अवैध शिकार और मछली पकड़ने पर सख्त प्रतिबंध लगाने, जागरूकता फैलाने और नशीली दवाओं के खतरे को रोकने के लिए निवारक उपायों पर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में विधायक चाउ झिंगनु नामचूम, ज़िला परिषद नांग उर्मिला मंचेयखुन, नामसाई जिला अतिरिक्त उपायुक्त और अन्य लोग भी उपस्थित थे।

0000000000000000000000

बंदरदेवा पुलिस ने कल अंतर्राज्यीय बाइक चोरी के मामले में चार आरोपियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से तीन चोरी के दो पहिया वाहन बरामद किए। आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए नाहरलगन पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया। इस बीच आई सी आर नाहरलगुन के पुलिस अधीक्षक डॉ. न्येलम नेगा ने नागरिकों को अपने वाहनों को ठीक से लॉक करने और हर समय वैध दस्तावेज साथ रखने की सलाह दी।

उन्होंने वाहन चोरी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन में देने का भी आग्रह किया।

0000000000000000

भारतीय सेना ने कामेंग क्षेत्र के दुर्गम भूभाग और चरम मौसम की स्थिति में युद्ध कोशल 3.0 अभ्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। गजराज कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जी ओ सी) की उपस्थिति में हुए इस अभ्यास में सैनिको द्वारा उन्नत तकनीक, परिचालन नवाचार और पेशेवर उत्कृष्टता का तालमेल प्रदर्शित किया गया। इस अभ्यास का प्रमुख आकर्षण नवगठित आश्नि प्लाटून का परिचालन पदार्पण था, जिन्होंने दिखाया कि कैसे अगली पीढ़ी की तकनीक युद्ध-कठोर रणनीति के साथ सहज रुप से मिलकर, समकालीन और भविष्य के संघर्षों में निर्णायक बढ़त प्रदान कर सकती है।

000000000000000000

सीमा सड़क संगठन के 763 सीमा सड़क कार्य बल ने कल तवांग जिले के खिरमू स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का आयोजन क्षेत्र के बच्चों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। शिविर के दौरान लगभग चालीस बच्चों का व्यापक चिकित्सा जांच किया गया। इस बीच बच्चों के अभिभावको ने ऐसे दूरस्थ और उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में अत्यंत आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाए लाने के लिए बी आर ओ और चिकित्सक दलों के प्रति आभार व्यक्त किया।

0000000000000000

ईटानगर मौसम केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश के बारह जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने के साथ साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

0000000000000000000000000